# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
## अद्धवार्षिक परीक्षा हेतु अभ्यासकार्य पत्र
## सत्र 2019–2020

विषय–हिंदी

कक्षा–आठवीं

पाठ्यक्रम :–

वसंत :–

पाठ – 1 ध्वनि (कविता)　　2 लाख की चूडियाँ

3 बस की यात्रा　　4 दीवानों की हस्ती (कविता)

5. चिट्ठियों की अनूठी दुनिया　　6. भगवान के डाकिए

7. क्या निराश हुआ जाए　　8. यह सबसे कठिन समय नहीं

9. कबीर की साखियाँ

व्याकरण – वर्ण – विचार और उच्चारण , शब्द – विचार , स्वर संधि ( वृद्धि , यण , अयादि) , उपसर्ग , प्रत्यय , समास , कारक , विलोम शब्द (1–40) , पर्यायवाची शब्द (1–30) ,अनेकार्थक शब्द (1–30),अनेक शब्दों के लिए एक शब्द (1– 30) , मुहावरे (1 –20) , भिन्नार्थक शब्द (1–20) , औपचारिक पत्र , चित्र वर्णन , संवाद लेखन , अनुच्छेद लेखन , विज्ञापन रचना , अपठित गद्यांश , अपठित काव्यांश ।

भारत की खोज – पाठ 1से 4 तक

प्र01. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –

1. चाँदनी , पथिक , नदी　　दो –दो पर्यायवाची लिखिए
2. आकर्षक , ऋण , आस्था　　विलोम लिखिए
3. आसमान टूट पड़ना , एक आँख न भाना　　मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करें
4. नीद , नाद , एव , चाद　　अनुस्वार / अनुनासिक का प्रयोग करें
5. रोगमुक्त , प्रतिवर्ष　　वर्ण – विच्छेद करें
6. स्+अं+ज्+ञ्+आ　　वर्ण –मेल करें
7. रात में घूमने वाला , जो कभी बूढ़ा न हो　　अनेक शब्दों के लिए एक शब्द
8. अलि , कर्ण , अनंत　　दो – दो अनेकार्थक लिखिए
9. अन्य /अन्न , जरा/ज़रा　　अर्थ लिखिए
10. कुपुत्र , श्वेतांबरी　　समास विग्रह करते हुए भेद का नाम लिखिए
11. वन को गमन , विधि के अनुसार　　समस्त पद में बदलकर भेद का नाम लिखिए
12. अनुकरणीय , होनहार , पुरस्कार　　उपसर्ग / प्रत्यय छाँटकर लिखिए
13. व्याप्त , भविष्य , राजैश्वर्य　　संधि – विच्छेद कीजिए
14. हित+एषी , देवी+आलय , चे+अन　　संधि कीजिए
15. पक्षी पेड़ पर बैठे हैं ।　　कारक रेखांकित करते हुए भेद का नाम लिखिए

    शत्रु सैनिक के द्वारा मारा गया ।
16. माथा , बंदर , हल्दी　　तत्सम रूप लिखिए
17. खेत , विद्यालय , रेलगाड़ी　　रूढ़ , यौगिक शब्द छाँटकर लिखिए

प्र02. निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए –

1. कारक कितने प्रकार के होते हैं ? किन्हीं दो भेदों के नाम परसर्ग सहित लिखिए ।
2. उपसर्ग किसे कहते हैं ?
3. वर्णमाला में कितने प्रकार के वर्ण हैं ? नाम लिखिए ।
4. पद किसे कहते हैं ?

प्र03. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

1. कर्म और संप्रदान कारक के अंतर को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ?
2. कर्मधारय समास और बहुव्रीहि समास में सोदाहरण अंतर स्पष्ट कीजिए ?
3. प्रत्यय उपसर्ग से किस प्रकार भिन्न होते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए ?
4. अनुस्वार और अनुनासिक में क्या अंतर है ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए ?

प्र04. आशय स्पष्ट कीजिए ।

1. पुष्प – पुष्प से तंद्रालस लालसा खींच लूँगा मैं ,
   अपने नव जीवन का अमृत सहर्ष सींच दूँगा मैं ।
2. छककर सुख –दुख के घूँटों को
   हम एक भाव से पिए चले ।
3. एक देश की धरती दूसरे देश को सुगंध भेजती है ।
4. अभी भी एक रेलगाड़ी जाती है गंतव्य तक
5. माला तो कर में फिरै , जीभ फिरै मुख माँहि

प्र05. निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए –

1. एक गाली कब अनेक गालियों में बदल जाती हैं ?
2. हम क्या अनुमान लगाते हैं ?
3. ये दीवाने दुनियावालों के लिए क्या कामना करते हैं ?
4. मनिहार किसे कहते हैं ? बदलू क्या काम करता था ?

प्र06. निम्नलिखित प्रश्नों के दीर्घ उत्तर लिखिए –

1. पिन कोड भी संख्याओं में लिखा गया एक पता है , कैसे ?
2. क्या कारण है कि जीवन के महान मूल्यों के प्रति हमारी आस्था हिलने लगी है ?
3. ' नहीं , यह सबसे कठिन समय नहीं ' – ऐसा कहकर कवयित्री सामान्य जन को क्या संदेश दे रही है ?
4. ' सविनय अवज्ञा आंदोलन किसने , कब और क्यों शुरू किया था ?

प्र07. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

1. नेहरू जी ने अपने बंदी जीवन का स्थायी सहचर किसे माना है ?
2. ' भारत की खोज ' पुस्तक नेहरू जी ने कब और कहाँ लिखी थी ?
3. नेहरू जी ने भारत को किस दृष्टि से देखना शुरू किया ?
4. वेद शब्द का अर्थ बताकर उसकी विशेषताएँ बताएँ ?
5. हर्षवर्धन कौन था ?
6. कुषाण काल में बौद्ध धर्म की क्या स्थिति थी ?

प्र08. अहंकार और आत्मविश्वास में कोई अंतर हो सकता है , अपने विचार 40 –50 शब्दों में लिखिए ।

प्र09. आपके पिताजी का तबादला हो गया है । विद्यालय छोड़ने के प्रमाण –पत्र हेतु प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए ।

प्र010. ' इंटरनेट बना दिमागी बुखार ' विषय पर पिता और पुत्री के बीच संवाद ।

प्र011. किसी शिक्षा संस्थान में नामांकन हेतु 20 –25 शब्दों में विज्ञापन लिखिए ।

प्र012. निम्नलिखित विषय पर 100–120 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए –

<u>अशिक्षा – समस्या और समाधान</u>

संकेत बिंदु :–

- अशिक्षा अर्थात शिक्षा का अभाव
- भारत की विकट समस्या और आज़ादी के बाद स्थिति में सुधार
- शिक्षा का महत्त्व समझना
- पुस्तकें सस्ती होनी चाहिए तथा प्रोत्साहन एवं पुरस्कार

प्र013. व्याकरण पुस्तक में पृष्ठ सं0 201 पर दिए गए चित्र का वर्णन 40 – 50 शब्दों में कीजिए ।

प्र014. प्रैक्टिस पुस्तक के पृष्ठ –166 पर दिए गद्यांश और पृष्ठ –169 पर दिए काव्यांश को पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।